आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 24.12.2025

**मुख्य समाचार :–**

- राज्य सरकार ने उधमसिंहनगर ज़िले के राजकीय मेडिकल कॉलेज, रुद्रपुर को 300 बेड के चिकित्सालय और 100 एमबीबीएस सीटों की स्वीकृति दी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रेंजर्स ग्राउंड, देहरादून में आयोजित सहकारिता मेला 2025 का उद्घाटन किया। कहा– सहकारिता केवल एक आर्थिक व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और ग्रामीण आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम है।
- 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान का एक सप्ताह पूरा; राज्य भर में 93 बहुद्देश्यीय शिविर आयोजित कर करीब 29 हजार ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया।
- **और,** मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर प्रदेश में शीतलहर व बर्फबारी से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की।

## स्वास्थ्य सेवाएं

उधमसिंहनगर ज़िले में स्वास्थ्य सेवाएं अब और भी मजबूत होंगी। प्रदेश सरकार ने राजकीय मेडिकल कॉलेज, रुद्रपुर को 300 बेड के चिकित्सालय और 100 एमबीबीएस सीटों की स्वीकृति दी है। इस निर्णय से तराई–भाबर क्षेत्र के साथ–साथ सीमांत, ग्रामीण और पर्वतीय इलाकों के लोगों को सुलभ और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। **रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से क्षेत्र में 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे गंभीर बीमारी, दुर्घटना या आपात स्थिति में मरीजों को अब दूर के शहरों में इलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगा। इससे न केवल आम जनता को राहत मिलेगी, बल्कि उधमसिंहनगर के सिडकुल क्षेत्र में कार्यरत औद्योगिक इकाइयों के कर्मचारियों और श्रमिकों को भी सीधा लाभ मिलेगा।**

**मेडिकल कॉलेज के संचालन से सीमांत क्षेत्रों के मरीजों को अन्य राज्यों में रेफर करने की मजबूरी कम होगी और हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज पर बढ़ते मरीजों के दबाव में भी कमी आने की उम्मीद है। साथ ही जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों और आपदा प्रबंधन की व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।**

**राजकीय मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर में हर वर्ष 100 एमबीबीएस सीटें उपलब्ध होने से चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर भी सृजित होंगे। इसके साथ ही नर्सिंग, पैरामेडिकल और अन्य सहायक सेवाओं से जुड़े रोजगार के अवसर बढ़ने से क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा मिलने और पलायन में कमी आने की संभावना जताई गई है।**

## सहकारिता मेला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रेंजर्स ग्राउंड, देहरादून में आयोजित सहकारिता मेला 2025 का उद्घाटन किया। यह मेला अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 और उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारिता केवल एक आर्थिक व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और ग्रामीण आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम है।

श्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड सहकारिता सुधारों में देश का अग्रणी राज्य बन चुका है। प्रदेश की सभी 670 सहकारी समितियां अब पूरी तरह डिजिटल हो चुकी हैं, जिससे किसानों और आम लोगों को सेवाएं सीधे और पारदर्शी तरीके से मिल रही हैं। महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि 'लखपति दीदी' अभियान के जरिए बड़ी संख्या में महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। इस अवसर पर महिला सहकारिता और स्वयं सहायता समूहों को पांच–पांच लाख रुपये के ब्याजमुक्त ऋण के चेक भी वितरित किए गए।

भ्रष्टाचार पर कतई न बर्दाश्त करने की नीति का संकल्प दोहराते हुए श्री धामी ने कहा कि सरकार भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई जारी रखेगी।

## इसरो ब्लूबर्ड ब्लॉक–2

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो आज सुबह न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड –एनएसआईएल के माध्यम से एलवीएम3–एम6 मिशन के तहत ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 संचार उपग्रह का प्रक्षेपण करेगा। यह प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे प्रक्षेपण पैड से सवेरे आठ बजकर पन्द्रह मिनट पर होगा।

इस मिशन में भारत के सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान, एलवीएम3 का उपयोग किया जाएगा। यह एलवीएम3 की छठी परिचालन उड़ान होगी। यह मिशन विश्वसनीय और किफायती वाणिज्यिक अंतरिक्ष प्रक्षेपणों में देश को और मजबूत करेगा।

## बहुउद्देशीय शिविर

'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान के तहत प्रदेश में न्याय पंचायत स्तर पर प्रशासन की सेवाएं सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर चल रहे इस अभियान के तहत एक सप्ताह में राज्य भर में 93 बहुद्देश्यीय शिविर आयोजित किए गए, जिनमें छह हजार से अधिक शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया और करीब 29 हजार ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिला।

मुख्यमंत्री ने इस अभियान की नियमित समीक्षा करते हुए स्वयं भी शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने कल अल्मोड़ा जिले के रानीखेत में ग्रामीणों से संवाद किया और विकासखंड ताड़ीखेत की न्याय पंचायत जैनोली में आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण कर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान ग्रामीण जनता को उनके क्षेत्र में ही सरकारी सेवाएं और योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह अभियान 17 दिसंबर से शुरू हुआ था, जो करीब डेढ़ माह तक संचालित किया जाएगा।

## शीतलहर से सुरक्षा

प्रदेश में शीतलहर और बर्फबारी से निपटने की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी ज़िलों में विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी नामित करने और शीतलहर कार्ययोजना तैयार कर उसी के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**मुख्य सचिव ने कहा कि बर्फबारी और पाला प्रभावित क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर लिया जाए तथा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शीत ऋतु के दौरान जरूरतमंद लोगों के लिए अस्थायी रैन बसेरों की व्यवस्था की जाए और इसके लिए अलग से नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए जाएं। आवश्यकतानुसार कंबलों के वितरण के निर्देश भी दिए गए।**

**उन्होंने सभी ज़िलों में चिकित्सा सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखने को कहा। इसके तहत आपातकालीन सेवाओं में तैनात चिकित्सकों की सूची, उनके मोबाइल नंबर और आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पशुओं के लिए चारे और दवाइयों की व्यवस्था तथा आपात सेवाओं के लिए पशु चिकित्सकों की सूची तैयार करने को भी कहा गया।**

**उन्होंने बर्फ से ढकी सड़कों को खोलने के लिए आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता, साइन बोर्ड और रिफ्लेक्टर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही ट्रैकिंग कराने वाली संस्थाओं और व्यक्तियों के साथ बैठक कर पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।**

**आकाशवाणी समाचार, देहरादून**

## कार्यशाला आयोजन

"प्रशासन गाँव की ओर, 2025" कार्यक्रम के अंतर्गत चंपावत जिला सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य ज़िले में सुशासन को सुदृढ़ करना, प्रशासनिक कार्यप्रणाली में नवाचार को बढ़ावा देना और विकास योजनाओं के प्रभावी व पारदर्शी क्रियान्वयन के साथ जनभागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

कार्यशाला में मत्स्य पालन, उद्यान, कृषि, पशुपालन, डेयरी, उद्योग, पर्यटन, सड़क और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा की गई। साथ ही पिछले पांच वर्षों में ज़िले में सुशासन के लिये अपनाई गई बेहतर प्रक्रियाओं पर भी विचार–विमर्श किया गया।

जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि प्रशासन पर जनता का विश्वास बनाए रखना ही सुशासन का मूल आधार है। उन्होंने अधिकारियों से नवाचारपूर्ण सोच के साथ ग्रामीण क्षेत्रों तक सुशासन की भावना पहुंचाने का आग्रह किया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री उत्तरकाशी भ्रमण कार्यक्रम

मुख्यमंत्री आज उत्तरकाशी जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री सांकरी पहुंचकर केदारकांठा पर्यटन–तीर्थाटन शीतकालीन महोत्सव में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद वे उत्तरकाशी में आयोजित देवभूमि रजत उत्सव और शीतकालीन चारधाम यात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**और अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर**

आपदा प्रबंधन और साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशनों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अमेरिकी दूतावास की ओर से एसडीआरएफ उत्तराखंड को सम्मानित करने की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला समाचार पत्र का शीर्षक है– एसडीआरएफ को अमेरिकी दूतावास ने किया सम्मानित।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पोखरी–गोपेश्वर में भालू के हमले में जख्मी हुए छात्र आरव और उसके परिजनों से फोन पर बातचीत करने की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रथम पृष्ठ पर स्थान दिया है। अमर उजाला लिखता है – धामी ने भालू के हमले में ज़ख्मी छात्र व परिजनों का फोन पर पूछा हालचाल।